राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

25 जून 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 09

पतंग

आज की कविता

खुले आसमान में पतंग उडाना किसे अच्छा नहीं लगता? गाँवो से लेकर शहरों में जब ये आसमान की उंचाई से होड़ लगाती है तो ऐसा लगता है मानो धागे से बंधी रंग बिरंगी पतंग आसमान की उंचाई नापना चाहती हो। पतंग के बारे में जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर यह कविता सुनें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। NCERT official

तुमने क्या देखा?

आज की कहानी

मीरा की माँ को जानना है कि मीरा ने चिड़ियाघर में क्या क्या देखा? माँ एक एक कर सब जानवरों के बारे में मीरा से पूछ रही है, लेकिन हर बार मीरा का जवाब है 'नहीं ! नहीं देखा'। तो फिर मीरा ने चिड़ियाघर में आखिर देखा क्या? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर कहानी सुनें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

खिड़की से क्या देखा?

आज की किताब

जैनब को खिड़की से बाहर देखना बहुत पसंद है। वह हर रोज बाहर चल रही हलचल पर नजर रखती है। आस-पड़ोस, सड़क, बाग- बगीचे और तरह तरह की आवाजें सबकुछ। मगर एक चीज ऐसी है जिसे जैनब देख नहीं पाती। जानने के लिए पढ़ते हैं ये कहानी।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

खिड़की से क्या देखा?

पंखे वाला फव्वारा

आज की गतिविधि

फव्वारे के लिए या तो पानी का तेज बहाव चाहिए या फिर बिजली से चलने वाला पंप। लेकिन क्या आपने पंखे की ताकत से चलने वाला फव्वारा देखा है? मामूली कबाड़ की चीजों से आज हम ऐसा ही एक फव्वारा बनाना सीखेंगे।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

जीवन में गणित

टीचर्स कॉर्नर

गणित और जीवन का क्या संबंध है ? इस आलेख में मध्यप्रदेश के भोपाल की कच्ची बस्तियों में रहने वाले समुदायों और उनके परंपरागत काम से जुड़े अनुभवों की पड़ताल कर, जीवन और गणित का संबंध प्रस्तुत किया गया है। आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

पधारो म्हारे पुस्तकालय

हमारा पुस्तकालय

राजस्थान के झुंझनू जिले में स्थित अलसीसर ब्लॉक के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में पिरामल फाउण्डेशन की फेलो, अन्नू झा बच्चों के साथ मिलकर पुस्तकालय को निखारने में लगी हुईं हैं। कैसे हो रहा है ये काम, जानने के लिए उनका पढिये ये ब्लॉग।

शिक्षकों के लिए। Education Mirror

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 113 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।